Thompson Retractor

Uncompromised Exposure™



Thompson ब्रेस्ट रिट्रैक्टर सिस्टम उपयोगकर्ता मैनुअल:

THOMPSON ब्रेस्ट रिट्रैक्टर सिस्टम को सेट अप करने के निर्देश

Thompson
SURGICAL INSTRUMENTS

+1 231 922 0177 » THOMPSONSURGICAL.COM

Thompson ब्रेस्ट रिट्रैक्टर सिस्टम उपयोगकर्ता मैनुअल

सावधानी: तंत्रिकाओं को नुकसान से बचाने के लिए, रोगी के शरीर को फ्रेम के घटकों से दबने न दें।

Thompson Retractor गैर-जीवाणुरहित अवस्था में प्रदान किया जाता है। सफाई, स्टरिलाइज़ेशन (जीवाणुरहित बनाने), और देखभाल के निर्देशों के लिए Thompson Retractor आईएफ़यू देखें।

अतिरिक्त चेतावनियों और सावधानियों के लिए Thompson Retractor आईएफ़यू देखें।

अन्य Thompson Retractor सिस्टम के लिए, हरेक की संबंधित उपयोगकर्ता मैनुअल देखें।

फ्रेम सेट अप निर्देश: Elite Rail Clamp से सीधा जोड़





फ्रेम चरण 1: रेल क्लैंप

Elite Rail Clamp को जीवाणुरहित ड्रेप पर रखें और ऊपरी घुंडी को घड़ी की दिशा में घुमा कर कसें।



फ्रेम चरण 2: आर्टिक्यूलेटिंग आर्म जोड़ें

Elite Rail Clamp पर मौजूद जॉइंट में आर्टिक्यूलेटिंग आर्म को घुसाएँ, सही स्थान पर लाएँ, और कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर लॉक कर दें। दूसरी आर्टिकुलेटिंग आर्म और दूसरे जोड़ के साथ यही क्रिया दोहराएँ। अपने स्थान पर पहुँच जाने के बाद आर्टिकुलेटिंग आर्म को एडजस्ट करें; एडजस्टमेंट हेतु, काली घुंडी को ढीली करने के लिए घड़ी की विपरीत दिशा में और कसने के लिए घड़ी की दिशा में घुमाएँ।



फ्रेम सेट अप निर्देश: वैकल्पिक क्रॉसबार अटैचमेंट



फ्रेम चरण 1: रेल क्लैंप

Elite Rail Clamp को जीवाणुरहित ड्रेप पर रखें और ऊपरी घुंडी को घड़ी की दिशा में घुमा कर कसें। (चित्रों ने चरण 1 दिखाया पिछला पृष्ठ।)

फ्रेम चरण 2: क्रॉसबार

क्रॉसबार को Elite Rail Clamp पर मौजूद जॉइंट में घुसाएं, सही स्थान पर लाएं, और कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर लॉक कर दें।

फ्रेम चरण 3: आर्टिक्यूलेटिंग आर्म जोड़ें

आर्टिक्यूलेटिंग आर्म को क्रॉसबार पर मौजूद जॉइंट में घुसाएं, सही स्थान पर लाएं, और कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर लॉक कर दें। दूसरी आर्टिकुलेटिंग आर्म और दूसरे जोड़ के साथ यही क्रिया दोहराएँ। अपने स्थान पर पहुँच जाने के बाद आर्टिकुलेटिंग आर्म को एडजस्ट करें; एडजस्टमेंट हेतु, काली घुंडी को ढीला करने के लिए घड़ी की विपरीत दिशा में और कसने के लिए घड़ी की दिशा में घुमाएँ।



रिट्रैक्टर ब्लेड जोड़ना

S-LOCK® आर्टिकुलेटिंग आर्म + ब्लेड

प्लंजर को दबा कर और ब्लेड निपल को घुसा कर ब्लेड को आर्टिक्यूलेटिंग से जोड़ें। ब्लेड को मुक्त करके 'स्विवेल' (घूमने) और 'लॉक्ड' स्थितियों के बीच अदल-बदल के लिए प्लंजर को दबाएँ।









फ्रेम सेट अप निर्देश: C-फ्रेम



फ्रेम चरण 1: रेल क्लैंप

Elite Rail Clamp को जीवाणुरहित ड्रेप पर रखें और ऊपरी घुंडी को घड़ी की दिशा में घुमा कर कसें।



फ्रेम चरण 2: एक्सटेंशन आर्म जोड़ें

एक्सटेंशन आर्म को Elite Rail Clamp पर मौजूद जॉइंट में घुसाएँ, सही स्थान पर लाएँ, और कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर लॉक कर दें। एक्सटेंशन आर्म अपने स्थान पर पहुँच जाने के बाद उसे एडजस्ट करें; एडजस्टमेंट हेतु, काली घुंडी को ढीली करने के लिए घड़ी की विपरीत दिशा में और कसने के लिए घड़ी की दिशा में घुमाएँ।

सुझाव: आसान जुड़ाव के लिए, इस चरण से पहले आर्म के समायोज्य हिस्से को वांछित स्थान में रखते हुए, काली घुंडी को कस लें।

सुझाव: अगले चरण में C-फ्रेम जोड़े जाने के बाद और समायोजन की आवश्यकता हो सकती है।



फ्रेम सेट अप निर्देश: C-फ्रेम *(जारी)*

फ्रेम चरण 3: C-फ्रेम जोड़ें

C-फ्रेम को आर्टिकुलेटिंग आर्म के हिंज जॉइंट (कब्ज़ा जोड़) पर रखें। कसने के लिए T-हैंडल का इस्तेमाल करें।



Lite Wand Xe निर्देश

LITE WAND XE चरण 1: LITE WAND को फ्रेम में जोड़ें

Lite Wand Xe जोड़ को रिट्रैक्टर फ्रेम पर कहीं भी क्लिप करें जो प्रकाश के बाहरी छोर को इनसिज़न में गहराई से प्रकाशित करने देगा।



LITE WAND XE चरण 2: LITE WAND समायोजित करें

इनसिज़न के ऊपर Lite Wand Xe के बाहर के छोर को स्थिति में लाने के लिए गूज़नेक को मोड़ें।



हैंडल + ब्लेड

S-LOCK® हैंडल + ब्लेड

प्लंजर को दबा कर और ब्लेड निपल को घुसा कर ब्लेड को हैंडल से जोड़ें। ब्लेड को मुक्त करके 'विवेल' (घूमने) और 'लॉक्ड' स्थितियों के बीच अदल-बदल के लिए प्लंजर को दबाएँ।





क्विक एंगल हैंडल

ब्लेड को हाथ से या T-हैंडल से 45° तक ऊपर या नीचे किया जा सकता है।



मिनी MICRO-ADJUSTABLE हैंडल

Micro-Adjustable हैंडल घुंडी को घड़ी की दिशा में घुमा कर ब्लेड को और भी पीछे खींचें। पॉल को दबा कर तनाव में ढिलाई दें।




हैंडल + ब्लेड *(जारी)*

क्लिप-ऑन हैंडल अटैचमेंट

जॉइंट को अनलॉक्ड स्थिति में रखते हुए, उसे वांछित स्थान पर फ्रेम से क्लिप कर दें, ब्लेड को इनसिज़न में सही स्थान पर लाएं, और कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर उसे उसके स्थान पर लॉक कर दें।

क्लिप-ऑन हैंडल हटाना

कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर अनलॉक्ड स्थिति में लाएं, कैम जॉइंट के पिछले भाग को अंगूठे और तर्जनी से भींचें, और हल्के से ऊपर की ओर उठाते हुए आर्म से अलग कर लें।



प्रश्न या अतिरिक्त जानकारी:
+1 231 922 0177

Rev B
042122
brstum-hi

Uncompromised Exposure

हमसे ऑनलाइन यहाँ मिलें: **THOMPSONSURGICAL.COM**

Thompson SURGICAL INSTRUMENTS
10341 East Cherry Bend Road
Traverse City, Michigan 49684
फोन: +1 231 922 0177
फैक्स: +1 231 922 0174
thompsonsurgical.com

EC REP **Emergo Europe**
Prinsessegracht 20
2514 AP The Hague
नीदरलैंड

CE 0297

© 2022 Thompson Surgical Instruments, Inc.

® S-Lock® और "T Circle" लोगोमार्क Thompson Surgical Instruments, Inc. के पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं।

पेटेंट: trpat.com

ध्यान दें: चूँकि हम लगातार सर्वोत्तम संभव उत्पादों को प्रदान करने का प्रयास करते रहते हैं, अतः इस उपयोगकर्ता मैनुअल में मौजूद चित्र, प्राप्त उत्पाद से थोड़ा अलग दिख सकते हैं।

Made In USA